>

Title: Need to construct a bridge on Sone river in the village situated at the border of Bihar and Jharkhand.

**श्री कामेश्वर बैठा (पलामू):** सभापति महोदय, मैंने शून्य काल के दौरान 25.08.2011 को अतिमहत्वपूर्ण जनहित विषय उठाया था और तीन राज्य झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली सोन नदी पर बिहार राज्य से सासाराम नौहटा प्रखंड के ग्राम पाकुड़ा तथा झारखंड राज्य के कांडी प्रखंड के ग्राम श्रीनगर के सामने सड़क पुल निर्माण करने का आग्रह किया था। मैंने सदन को बताया था कि सासाराम से भाया डालटेनगंज की दूरी तय करने पर जनता को पूरे दो दिन का समय लगता है।

सभापति महोदय, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि उक्त स्थान पर सड़क पुल नहीं होने के कारण दोनों तरफ से जनता द्वारा नाव के माध्यम से पार करना पड़ता है। इससे अनेक बार नाव दुर्घटना हुई है। हमारे पास आंकड़ा नहीं है कि कितने लोग मरे हैं। सैंकड़ों-हजारों की संख्या में मवेशी मरे होंगे। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि मुख्य अभियंता पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने अपने पत्र सं.-2585 दिनांक 18.10.2012 द्वारा 5600 लाख का विस्तृत प्रतिवेदन अनुमानित व्यय, मैप के साथ सड़क परिवहन एवं उच्च मार्ग नई दिल्ली को समर्पित कर दिया है। परंतु भारत सरकार द्वारा अब तक कोई कारगर उपाय नहीं हो सकी है। मैं सदन के माध्यम से विभागीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि तुंत सड़क पुल निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में चालू किया जाए। यह भी आग्रह करूंगा कि आप अच्छी तरह से जानते हैं कि आपकी कुर्सी पर हमारे उसी ससंदीय क्षेत्र सासाराम की श्रीमती मीरा कुमार जी विराजती हैं, उसके बगल में राबर्ट्सगंज से श्री पकौड़ी लाल जी हैं और हम झारखंड के पलामू क्षेत्र से हैं। इस तरह से यह तीन संसदीय क्षेत्रों का मामला बनता है। मैं स्पीकर महोदया से भी मिला था और अपना आग्रह उन्हें बताया था, उन्होंने हां भरी थी।

MR. CHAIRMAN : All right, you have already said it. The hon. Minister will take care of it.

**श्री कामेश्वर बैठा :** मेरा निवेदन है कि इसे इसी वित्तीय वर्ष से चालू किया जाए। यही मेरा आपसे आग्रह है।